## Headline

1. यूपी: आज राष्ट्र को समर्पित होंगी अटल बिहारी वाजपेयी सहित ये तीन प्रतिमाएं, 2022 से चल रहा निर्माण; इतने करोड़ हुए खर्च
2. शाहजहांपुर हादसा: पति-पत्नी, दो बच्चों समेत पांच की मौत... शवों के उड़े चीथड़े; मंजर देख कांपा लोगों का कलेजा

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 161 | इंदौर, गुरुवार 25 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए



● 17वें युवा जनजाति आदान–प्रदान कार्यक्रम का उल्लास

# आपसी सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता की भावना के साथ हुआ समापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मेरा युवा भारत इंदौर द्वारा आयोजित 17वें युवा जनजाति आदान–प्रदान कार्यक्रम का समापन उल्लास, आपसी सौहार्द एवं राष्ट्रीय एकता की भावना के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन से एक दिन पूर्व की संध्या को महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव की पहल पर कार्यक्रम स्थल पर ही मिनी सराफा का आयोजन किया गया, जिसने प्रतिभागियों को इंदौर की समृद्ध खान–पान संस्कृति से रूबरू कराया।




मिनी सराफा में गराडू, भुट्टे का किस, जलेबी सहित अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे गए, जिनका विभिन्न राज्यों से आए युवा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। युवाओं ने इस पहल को इंदौर की संस्कृति को नजदीक से समझने का अनूठा अवसर बताया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता में सभी राज्यों के प्रतिभागियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी लोकसंस्कृति, नृत्य, संगीत एवं परंपराओं की प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कंधमाल, ओडिशा के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और उन्हें 10 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। अन्य प्रतिभागियों को भी उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को स्मृति स्वरूप फोटो फ्रेम एवं सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव द्वारा प्रतिभागियों को उपहार स्वरूप पानी की बोतल भेंट की गई, जो पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश भी देती है।

इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, इंदौर श्री पंकज गोस्वामी ने कहा कि सात दिवसीय यह कार्यक्रम युवाओं के लिए सीख, अनुभव और आपसी संवाद का सशक्त मंच रहा। उन्होंने बताया कि इस आदान–प्रदान कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न जनजातीय क्षेत्रों से आए युवाओं ने एक–दूसरे की संस्कृति को समझा और "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना को आत्मसात किया।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव एवं अन्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम् एवं भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ। सात दिनों तक चले इस आयोजन की स्मृतियां प्रतिभागियों के लिए सदैव प्रेरणादायी एवं अविस्मरणीय रहेंगी।

## कलेक्टर कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के एक दिन पूर्व सुशासन दिवस मनाया गया। इस मौके पर इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आज सुबह अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई गई। अपर कलेक्टर श्री रोशन राय ने सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिये संकल्पित रहकर शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित और जबावदेह बनाने के प्रयास करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में मिली शिकायत पर राज मेडिकल स्टोर सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जनसुनवाई में मिली एक शिकायत पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अनियमितताएं पाये जाने पर एक मेडिकल स्टोर को सील किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि प्राप्त शिकायत की जाँच के लिए औषधि निरीक्षक तथा जोनल मेडिकल अधिकारी की समिति का गठन किया गया। उक्त समिति ने निरीक्षण के उपरान्त शिकायत को सही पाया और इस आधार पर राज मेडिकल स्टोर नंदलाल पुरा चौराहा द्वारा गलत इंजेक्शन लगाए जाने पर उसे सील किया गया। स्टोर का निरीक्षण करने पर पाया गया कि वहां अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन भी किया जा रहा था। कलेक्टर इंदौर के निर्देशानुसार मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है।

## श्रमिकों हेतु स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आज कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार श्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में निर्माण स्थलों पर कार्यरत श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नवीन न्यायालय निर्माण स्थल पिपलियाहाना में किया गया। इस अवसर पर शिविर में कुष्ठ रोग, टीबी रोग की स्क्रीनिंग की गई तथा रक्तचाप, मधुमेह, हेपेटाइटिस-बी एवं सी, एच.आई.वी. सिफलिस, रक्त की जाँच, टीटनेस टॉक्साईट टीकाकरण, बच्चों का टीकाकरण, चिकित्सकीय परामर्श तथा औषधि वितरण किया गया। इस अवसर कुष्ठ के पाँच मरीजों को चिन्हित किया गया, चौदह श्रमिकों के स्पूटम की जाँच की गई, इक्यासी श्रमिकों का रक्त परिक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर को अत्यंत उपयोगी बताया गया।

जिले में उद्योग एवं रोजगार को मिली नई गति

# दो वर्षों में 44 हजार से अधिक उद्यमों का हुआ पंजीयन एक लाख 70 हजार से ज्यादा रोजगार सृजित

● सांसद श्री शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य में जिले में हुई औद्योगिक विकास पर आधारित संगोष्ठी सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की विगत दो वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों तथा नवीन विभागीय नीतियों के संबंध में सांसद श्री शंकर लालवानी के मुख्य आतिथ्य में आज इंदौर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में इंदौर जिले में उद्योग स्थापना एवं रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, इंदौर द्वारा संचालित योजनाओं के माध्यम से हजारों उद्यमियों को लाभान्वित किया गया है।

सांसद श्री शंकर लालवानी ने इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत दो वर्षों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास ने अभूतपूर्व गति पकड़ी है। उद्योग मंत्री चेतन कश्यप द्वारा नीतियों में किए गए सकारात्मक बदलावों के कारण प्रदेश में नए उद्योगों का तेजी से विस्तार हुआ है, जिससे रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। उन्होंने बताया कि आज स्थिति यह है कि उद्योगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। श्री लालवानी ने उद्योग क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इंदौर औद्योगिक निवेश का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। बेहतर औद्योगिक संस्कृति, कुशल मानव




### विगत दो वर्षों की इंदौर जिले की औद्योगिक विकास यात्रा

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 572 तथा वर्ष 2025-26 में 392 उद्यमियों को लाभ प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 964 उद्यमियों को स्वरोजगार से जोड़ा गया। एमएसएमई विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत महिला उद्यमिता को विशेष बढ़ावा दिया गया। वर्ष 2024-25 में 147 एवं 2025-26 में 154 महिला उद्यमी लाभान्वित हुईं। इस प्रकार कुल 301 महिला उद्यमियों को योजनाओं का लाभ मिला। मध्यप्रदेश एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 200 इकाइयों को 191.16 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2025-26 में 141 इकाइयों को 137.34 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया। इस प्रकार कुल 341 इकाइयों को 328.50 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान प्रदान किया गया। इंदौर जिले में उद्यम पंजीयन के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। वर्ष 2024-25 में 18,376 तथा वर्ष 2025-26 में 26,125 उद्यमों का पंजीयन हुआ। इस प्रकार दो वर्षों में कुल 44,501 उद्यमों का पंजीयन किया गया है । इनसे निर्माण एवं सेवा क्षेत्र में गतिविधियों का विस्तार हुआ तथा कुल 1,70,678 लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के प्रारंभ में जिले की 334 ग्राम पंचायतों में से 160 पंचायतें उद्योग विहीन थीं। जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग के संयुक्त प्रयासों से सभी 160 ग्राम पंचायतों में उद्योग स्थापित किए गए, इनमें लगभग 90 करोड़ रूपये का पूंजी निवेश होकर 2000 से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हुआ। जिससे इंदौर जिला अब पूर्णतः उद्योग ग्राम पंचायत वाला जिला हो गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, इंदौर द्वारा आगे भी उद्योगों को प्रोत्साहित कर रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

संसाधन और सुदृढ़ कनेक्टिविटी के कारण निवेशक इंदौर को प्राथमिकता दे रहे हैं। सांसद श्री लालवानी ने बताया कि आने वाले 3–4 वर्षों में इंदौर रेलवे का एक प्रमुख हब बनने जा रहा है। वर्तमान में जहां 100 से कम ट्रेनें हैं, वहीं भविष्य में यह संख्या बढ़कर लगभग 300 हो जाएगी। इंदौर से उज्जैन–नागदा–रतलाम, इंदौर–देवास–भोपाल, इंदौर–खंडवा, इंदौर–मनमाड़ सहित छह दिशाओं में रेल कनेक्टिविटी सशक्त होगी। सड़क नेटवर्क के विस्तार से इंदौर की 700 किमी की परिधि में देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी आ जाएगी, जिससे लॉजिस्टिक लागत में उल्लेखनीय कमी आएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान 13–14 प्रतिशत की लॉजिस्टिक कॉस्ट को घटाकर 7–8 प्रतिशत करने का लक्ष्य है, जिससे उत्पादन लागत घटेगी, बिक्री और निर्यात बढ़ेगा। सांसद श्री लालवानी ने यह भी जानकारी दी कि केंद्र सरकार की गति शक्ति लॉजिस्टिक मास्टर प्लान में इंदौर को शामिल किया गया है। इस योजना के तहत एडीबी बैंक द्वारा लॉजिस्टिक प्लान तैयार किया जा रहा है, जिससे सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। सांसद श्री लालवानी ने युवाओं से कहा कि वे नौकरी प्राप्त करने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। उन्होंने कहा कि सरकार की अनेक योजनाएं युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए उपलब्ध हैं और इन्हें जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

कार्यक्रम में संयुक्त संचालक उद्योग श्री एस.एस. मंडलोई एवं महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, इंदौर श्री स्वप्निल गर्ग ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में पिछले दो वर्षों में हुई औद्योगिक प्रगति, निवेश वृद्धि, रोजगार सृजन तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। अतिथियों ने उद्योग-अनुकूल वातावरण, निवेशकों को मिल रही सुविधाओं और शासन की नवीन नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि ये प्रयास इंदौर को औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मध्यप्रदेश औद्योगिक एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री योगेश मेहता, लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश के अध्यक्ष श्री महेश गुप्ता, श्री शिवनारायण शर्मा आदि ने भी सम्बोधित करते हुए औद्योगिक विकास के लिये राज्य शासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उद्योगों के लिये दी जा रही सुविधाओं और अनुकूल वातावरण के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा उद्योग मित्रा नीतियां बनायी गई हैं। इस कारण उद्योग क्षेत्र में निवेश तेजी से बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाईयां स्थापित हो रही है। उन्होंने कहा कि आज उद्योगों को ऑनलाइन सुविधाएं, पारदर्शी सब्सिडी व्यवस्था और सीधे खाते में लाभ मिल रहा है। पूरे प्रदेश में लगभग 5 हजार करोड़ रूपये की सब्सिडी सीधे लाभार्थियों को दी गई है।

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 161 | इंदौर, गुरुवार 25 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

●प्रतिमाओं की सफाई के लिए विशेष अभियान

## महापौर ने की चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा साफ



**इंदौर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के मौके पर आयोजित अटल स्मृति वर्ष के अंतर्गत बुधवार को भाजपा नेताओं ने नगर के सभी 35 मंडलों में महापुरुषों की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया। शाम को भाजपा कार्यालय पर अटल बिहारी वाजपेयी का रंगोली से चित्र बनाया जाएगा, रंगोली के समक्ष कार्यकर्ताओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। वहीं, आज अटल बिहारी वाजपेयी की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसका उद्घाटन गौरव रणदीवे करेंगे। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि सांसद शंकर लालवानी ने वीर सावरकर प्रतिमा और नगर अध्यक्ष मिश्रा ने अग्रसेन चौराहे स्थित महाराजा अग्रसेन प्रतिमा, विधानसभा क्षेत्र 1 के मंडलों में कार्यकर्ता और विधायक रमेश मेंदोला द्वारा बापट चौराहे पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा, विधायक गोलू शुक्ला द्वारा राजवाड़ा पर अहिल्या देवी की प्रतिमा के समक्ष, विधायक महेंद्र हार्डिया द्वारा मूसाखेड़ी स्थित ज्योतिबा फूले प्रतिमा, विधायक मधु वर्मा द्वारा क्रांति सूर्य टंट्या मामा की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया है। वहीं, विधायक मालिनी गौड़ ने गुरु शंकर नगर में माता मंदिर में यह अभियान चलाया।

## महावीर अस्पताल द्वारा संचालित समस्त अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनों को किया गया सील

**इंदौर।** इंदौर में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग ने फूटी कोठी चौराहा स्थित महावीर अस्पताल द्वारा संचालित सभी अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनों को सील कर दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी ने बताया कि कलेक्टर श्री शिवम वर्मा को महावीर अस्पताल द्वारा नियम विरूद्ध पीसीपीएनडीटी के मशीनों के संचालन की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आज मौके पर दल भेजकर महावीर अस्पताल में पंजीकृत समस्त अल्ट्रासोनोग्राफी मशीनों को तत्काल प्रभाव से सीलबन्द करवाया गया। कार्यवाही के दौरान पाया गया कि एक पंजीकृत सिटी स्कैन मशीन को सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बगैर बेच दी गयी है, जिसका पंचनामा बनाकर कार्रवाई की गयी।

●भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर ग्वालियर में होगा विशेष आयोजन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह प्रदेश के 2 लाख करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश को मिल रहीं औद्योगिक विकास की बड़ी सौगातें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती के अवसर पर ग्वालियर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। राज्य सरकार ने अटलजी की जयंती को सार्थक करते हुए कल 25 दिसंबर को गरीब, किसान, युवा और नारी कल्याण के दृष्टिगत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इस अवसर पर प्रदेश में उद्योग एवं व्यापार गतिविधियों के विकास और विस्तार के लिए राज्य में लगभग 2 लाख करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन किए जाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रदेश को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए कई बड़ी सौगातें दी हैं। प्रदेश के लिए प्रसन्नता और गर्व का विषय है कि केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ग्वालियर के आयोजन में पधार रहे हैं। यह आयोजन प्रदेश सरकार के संकल्प को आगे बढ़ने वाला सिद्ध होगा। केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह विभिन्न योजनों के हितग्राहियों, बेरोजगार युवाओं और निवेशकों को अनेक सौगातें भी प्रदान करेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने और भारत को विश्व की तीसरी सबसे सशक्त अर्थव्यवस्था बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का हृदय से आभार मानते हुए मध्यप्रदेश आगमन पर केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह का अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास से बुधवार को मीडिया को जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

●उद्योग एवं रोजगार वर्ष में आया बंपर निवेश, बढ़े रोजगार के अवसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में घोषित किया है। इसके अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों एवं देश-विदेश में बिजनेस समिट आयोजित कर उद्योपतियों को प्रदेश में निवेश के लिए प्रेरित और आमंत्रित किया गया। हमारी सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप युवाओं के लिए रोजगार के अनेकों अवसर सृजित हुए हैं। प्रदेश सरकार सभी प्रकार के उद्योग एवं व्यापार को हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। उद्योग एवं रोजगार वर्ष में राज्य में लगभग 8.5 लाख करोड़ के औद्योगिक विकास कार्यों को धरातल पर लाने का कार्य प्रारंभ हुआ है। यह प्रसन्नता का विषय है कि अब तक 6.5 लाख करोड़ लागत के औद्योगिक विकास कार्य पूर्ण हो रहे हैं, इनमें शामिल कई इकाईयों ने उत्पादन भी प्रारंभ कर दिया है।

आबकारी विभाग के अमले द्वारा प्रभावी कार्रवाई जारी

# 92 हजार रुपये कीमत की अवैध मदिरा और वाहन जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शराब का अवैध रूप से क्रय-विक्रय, परिवहन तथा भंडारण करने वालों के विरूद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा दो मामलों में कुल 92 हजार रुपये कीमत की अवैध मदिरा एवं वाहन जप्ती की कार्रवाई की गई।

सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी है। आज की कार्यवाही कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल व सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अनील माथूर के नेतृत्व में वृत्त काछी मोहल्ला के उप निरीक्षक श्री भगवानदास अहरवार एवं वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्रमांक-2 की प्रभारी जया मुजाल्दे की संयुक्त दलों द्वारा



शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

आबकारी विभाग के दल द्वारा अपने गश्त के दौरान एक दोपहिया वाहन (मोटर साइकिल क्रमांक-MP09-NQ9809) पल्सर को रोककर उसके पीछे एक बन्धे प्लास्टिक के थेलें को खोलकर देखने पर उसके अन्दर दो पेटी देशी शराब की बरामद हुए। पेटियों को खोलकर देखने पर उनमें एक पेटी में मसाला देशी मदिरा एवं एक पेटी में देशी मदिरा प्लेन रखी हुई थी, जिनमें 50-50 पाव देशी मदिरा अवैध थी। मदिरा को विधिवत् जप्त करने की कार्रवाई की गई। अवैध मदिरा परिवहन करने पर कमलजीत सालूजा निवासी पंचशील नगर मुसाखेड़ी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जब्त मदिरा और वाहन की कुल बाजार मूल्य लगभग 77 हजार 500 रुपये कीमत की है।

**वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्रमांक-2 में आबकारी विभाग की कार्यवाही-** वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्रमांक-2 की प्रभारी जया मुजाल्दे ने अपने दल के साथ ग्राम सिंदौड़ा में पाँच बंगले स्थित एक ढ़ाबे पर कार्रवाई की गई। ढ़ाबे से 62 पाव देशी मदिरा एवं 18 कैन बोल्ट बियर जब्त कर आरोपी कुलदीप पिता राजाराम चौहान गिरफ्तार



किया गया। साथ ही ताप्ती परिसर स्थित एक गुमटी से 36 पाव देसी मदिरा मसाला के जब्त की गई। इसके अलावा ग्राम नरलय स्थित राजपूत ढाबा में अवैध रूप से बैठाकर शराब पिलाने प्रकरण दर्ज किए गए। जब्त मदिरा की कुल मात्रा लगभग 28 बल्क लीटर जिसकी कीमत लगभग 14 हजार 500 रुपए होगी। आरोपियों के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए है।

सफाईकर्मी, पार्षद रह गए हैरान

# नाले से निकला सोफा-गेट, दरवाजा-प्लास्टिक

**इंदौर।** स्वच्छता में आठ बार नंबर वन रह चुके इंदौर में सफाई के दौरान एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। नाले की सफाई के लिए पहुंचे सफाईकर्मी और पार्षद उस वक्त हैरान रह गए, जब नाले के भीतर से सोफा, दरवाजा और बड़ी मात्रा में प्लास्टिक निकली। इस पर पार्षद ने लोगों से अपील की कि घरेलू सामान नालों में न डालें, बल्कि नगर निगम की ऐप के माध्यम से उसे सौंपें। यह घटना एक लॉ कॉलेज के समीप स्थित नाले की है। पार्षद प्रशांत बड़वे जब मौके पर सफाई कराने पहुंचे, तो सफाई मित्रों ने जेसीबी मशीन की जरूरत बताई। कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि नाले में पुराना सोफा, गेट, बाल्टियां और बड़ी संख्या में प्लास्टिक की थैलियां फेंकी गई हैं, जिससे सफाई में बाधा आ रही है। सफाई मित्रों की बात सुनकर पार्षद भी हैरान रह गए। जेसीबी मशीन से नाले की सफाई करवाई गई, तो भीतर से पुराना सोफा, गेट, बाल्टियां और बड़ी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां निकलीं। पार्षद ने बताया कि कुछ लोग घरेलू सामान प्लास्टिक में भरकर यहां फेंक देते हैं, जिससे सफाई मित्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सफाई मित्र भी हमारे परिवार का हिस्सा हैं और ऐसी लापरवाही के कारण उन्हें नालों में उतरकर जोखिम भरी सफाई करनी पड़ती है। पार्षद प्रशांत बड़वे ने बताया कि इलाका सुनसान होने के कारण कुछ लोग नाले में कचरा फेंक देते हैं। इसे रोकने के लिए एनजीओ के सदस्यों को निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। आगे यदि कोई कचरा डालते हुए पाया गया, तो स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जाएगी।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह के सहयोग से प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त करना राज्य सरकार की बड़ी उपलब्धि**

# हम सुशासन और संवेदनशीलता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

● **मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डी.डी. कॉन्क्लेव 2025 में की सहभागिता**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर नवाचार कर रही है। जनसेवा के कार्यों और प्रदेश के अभ्युदय के लिए कई कार्यों को आरंभ किया गया है। हम सुशासन और संवेदनशीलता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। शासन के धन का सदुपयोग करते हुए अधिक से अधिक लोगों का कल्याण हो यह हमारा लक्ष्य है। वर्ष 2025 को उद्योग एवं रोजगार वर्ष के रूप में मनाया गया। वर्ष 2026 में कृषि और कृषक कल्याण को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी और वर्ष 2027 युवाओं को समर्पित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाल सलाम को आखिरी सलाम कहते हुए नक्सलवाद को प्रदेश से समाप्त करना हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि रही। प्रधानमंत्री श्री मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के सक्रिय सहयोग से राज्य सरकार निर्धारित समय-सीमा से पहले नक्सलवाद को समाप्त करने में सफल रही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव दूरदर्शन के 'डी.डी. कॉन्क्लेव भोपाल-2025' में मध्यप्रदेश सरकार के 2 वर्ष के कार्यों पर आधारित विशेष सत्र में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में केन्द्रीय सूचना प्रसारण राज्य




मंत्री श्री एल. मुरूगन, केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण सचिव श्री संजय जाजू, विधायक एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से एंकर श्री सुधीर चौधरी ने साक्षात्कार लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से राज्य सरकार की दो साल की उपलब्धियों, सरकार की प्राथमिकताओं, चुनौतियों, भविष्य की कार्ययोजना तथा व्यक्तिगत जीवन से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'दमदार दो साल-मोहन सरकार' लघु फिल्म का रिमोट कंट्रोल से विमोचन भी किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बजट को डबल करना हमारा लक्ष्य है। इसके साथ ही मितव्ययिता से बचत करना भी हमारी प्राथमिकता है। सौर ऊर्जा को प्राथमिकता देकर हम सरकार के खर्च में कमी के साथ-साथ किसानों को भी बचत के लिए प्रेरित कर रहे हैं। नवकरणीय ऊर्जा के प्रोत्साहन से देश में सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश उपलब्ध करा रहा है। दिल्ली की मेट्रो की बिजली से संचालित हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब नीति और नीयत साफ हो तो ईश्वर भी मदद करते हैं। हमने सभी व्यवस्थाओं को प्रदेश में सुसंगत बनाने का प्रयास किया है। जन कल्याण की योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निवेश हमारे लिए केवल एमओयू की संख्या नहीं बल्कि धरातल पर दिखने वाला रोजगार और उत्पादन है। इसी सोच के साथ प्रदेश में निवेश नीति और प्रशासनिक कार्यशैली दोनों में मूलभूत बदलाव किए गए। पहले इन्वेस्टर्स समिट केवल इंदौर में होती थी, हमने इन गतिविधियों का विस्तार प्रदेश के सभी संभागों में किया। परिणाम यह रहा कि जहां सामान्यतः 5-7 प्रतिशत निवेश प्रस्ताव ही जमीन पर उतरते थे, वहीं मध्यप्रदेश में यह अनुपात 30 प्रतिशत से अधिक पहुंच गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भावांतर योजना की शुरुआत वर्ष 2017 में की। थी भावांतर योजना में किसानों को उपज का उचित मूल्य मिले और बाजार की स्थिरता से सुरक्षा का कार्य हो रहा है। राज्य सरकार आगामी वर्ष को कृषि कल्याण के रूप में मनाने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली बहना योजना हमारे लिए सामाजिक न्याय और नारी सम्मान की स्थायी प्रतिबद्धता है। बहनों की जरूरत और आत्म सम्मान को समझते हुए राशि में डेढ़ गुना की वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और एयर एम्बुलेंस चलाने जैसे नवाचार किए गए हैं। स्वस्थ मध्यप्रदेश बनाना हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल के वर्षों में प्रदेश में धार्मिक पर्यटन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश पर्यटन की दृष्टि से असीम संभावनाओं का प्रदेश है। सिंहस्थ : 2028 को हम एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में देख रहे हैं। सरकार की तैयारियां अभी से समग्र और चरणबद्ध रूप से आरंभ हो चुकी है। हमारा प्रयास यह है कि प्रदेश में पर्यटन की व्यवस्थाएं स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पहले से ही टाइगर स्टेट के रूप में पहचाना जाता था और अब चीता स्टेट के रूप में भी प्रदेश ने देश-दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। हम मध्यप्रदेश को वन्य जीव संरक्षण का राष्ट्रीय और वैश्विक मॉडल बनाना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विजन 2047 में मध्यप्रदेश को 225 लाख करोड़ रूपए की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रति व्यक्ति आय को 22 लाख रूपए बनाने का लक्ष्य है। यह लक्ष्य कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण, उद्योग, निवेश और निर्यात को नई ऊंचाई देने, ग्रीन एनर्जी और समावेशी विकास के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। प्रदेश को निवेश और व्यापार का स्वाभाविक हब बनाने के लिए सड़क, रेल, एयर कनेक्टिविटी और डिजिटल नेटवर्क पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक कार्यक्रमों में फिजूलखर्ची बंद करने, समाज में सादगी, समानता और सामाजिक समरसता का वातावरण बनाने का संदेश देने के उद्देश्य से, उन्होंने अपने बेटे की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में अपने पारिवारिक जीवन और रूचियों से सबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्होंने कहा कि हमारी अध्ययन की प्रवृत्ति केवल डिग्री या नौकरी प्राप्त करने के उद्देश्य से न हो, अपितु ज्ञानार्जन और व्यक्तित्व विकास भी अध्ययनशीलता का आधार होना चाहिए। उज्जैन ऐतिहासिक रूप से ज्ञानार्जन और विद्या-अध्ययन का केन्द्र रहा है। वहां के साहित्यिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक वातावरण से प्रभावित होना भी व्यक्ति के लिए स्वाभाविक है।

### मध्यप्रदेश विकास का केन्द्र बनकर उभरा है : केन्द्रीय मंत्री डॉ. मुरूगन

केन्द्रीय मंत्री डॉ. मुरुगन ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विजन को समय-सीमा में क्रियान्वित कर रही है। मध्यप्रदेश विकास का केन्द्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश का नक्सल मुक्त होना बड़ी उपलब्धि है। यह गर्व का विषय है कि कई राज्य मध्यप्रदेश में लागू नवाचारों का अनुसरण कर रहे हैं। कार्यक्रम को केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण सचिव श्री संजय जाजू ने भी संबोधित किया।

## महीनों से खराब सड़क रातोरात बनी

**ग्वालियर।** ग्वालियर की बदहाल सड़कों का मुद्दा देशभर में चर्चा में रहा है, लेकिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से ठीक पहले ग्वालियर में मानो चमत्कार हो गया। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के घर की ओर जाने वाली सड़क की मरम्मत महीनों से अटकी हुई थी, वो रातो-रात बना दी गई। शाह बुधवार शाम को ग्वालियर आ रहे हैं। वे रात्रि विश्राम यहीं करेंगे। शाह के दौरे से पहले सूर्य नमस्कार तिराहे से आकाशवाणी चौराहे तक के मुख्य मार्ग पर रात-दिन काम चल रहा है। अमित शाह के इस सड़क से होकर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के पैतृक निवास पर श्रद्धांजलि देने जाने की संभावना है। बरसात के बाद से यह सड़क बुरी तरह जर्जर थी।

## दो जवानों की मौत, 4 घायल

**ग्वालियर।** आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर बुधवार सुबह एक एम्बुलेंस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में एम्बुलेंस में सवार भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के दो जवानों की मौत हो गई। जवान राजू बाल्मीकि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे जवान ने दोपहर में अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में मृतक की पत्नी सहित चार जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना घाटीगांव वन चौकी के पास हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने जांच के बाद ट्रक को जब्त कर लिया है।

## 8 महीने में 402 नवजातों की मौत

**छतरपुर।** जिले में नवजात मृत्यु के चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। अप्रैल से नवंबर 2025 के बीच आठ महीनों में जिले में 402 नवजातों की मौत दर्ज की गई है। इस अवधि में जिले में कुल 16 हजार 912 डिलीवरी हुईं। मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने आंकड़ों का सत्यापन शुरू कर दिया है। सभी स्तरों से रिपोर्ट की पुष्टि कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, मृत नवजातों में से 64 बच्चों ने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया, जबकि 83 नवजातों की मौत घर पर हुई। इसके अलावा 255 बच्चों की मौत अस्पताल में डिलीवरी के बाद इलाज के दौरान दर्ज की गई है।

## पहली बार मप्र में राशन दुकानें बनेंगी 'मुख्यमंत्री पोषण मार्ट'




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में राशन की दुकानों पर किराना और जनरल स्टोर की तरह जरूरत की हर सामग्री मिलेगी। मप्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश में पहली बार राशन दुकानों को 'मुख्यमंत्री पोषण मार्ट' के रूप में विकसित करने की योजना पर काम किया जा रहा है।

अभी तक प्रदेश की राशन दुकानों में केवल गेहूं, चावल, शक्कर जैसी सीमित सामग्री ही उपलब्ध रहती है, लेकिन सरकार का उद्देश्य इस व्यवस्था को और व्यापक व उपयोगी बनाना है। मंत्री ने बताया कि सरकार का विचार है कि राशन दुकानों पर किराने और जनरल स्टोर से जुड़ी आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध कराई जाएं, ठीक उसी तरह जैसे विकसित देशों में कम्युनिटी स्टोर या सोशल स्टोर की व्यवस्था होती है। इससे हितग्राहियों को रोजमर्रा की जरूरत का सामान एक ही स्थान पर मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पोषण मार्ट के रूप में विकसित होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सबसे अधिक लाभ होगा। गांव-गांव में रहने वाले नागरिकों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए अलग-अलग दुकानों या दूर के बाजारों तक नहीं जाना पड़ेगा। राशन के साथ-साथ अन्य जरूरी वस्तुएं भी एक ही जगह मिलने से समय, पैसा और श्रम तीनों की बचत होगी।

## अफसर के पैरों में सांसद... लेटलतीफी पर छुए पैर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़/भोपाल, एजेंसी।** राजगढ़ में एक कार्यक्रम में अफसर देरी से पहुंचे, सांसद रोडमल नागर इतने नाराज हुए कि मंच से उतरकर अफसर के पैर छूने लगे। उन्होंने कहा, बेवकूफ की तरह डेढ़ घंटे इंतजार कराया गया। केवल इवेंट करने से कुछ नहीं होता, जमीन पर काम होना चाहिए। मामला मंगलवार को कुंडीबेह गांव में जल अर्पण कार्यक्रम का है। सांसद देश के पहले 24 घंटे नल से शुद्ध जल पाने वाले गांव पहुंचे थे। यहां कार्यक्रम के दौरान उन्हें लगभग डेढ़ घंटे इंतजार करना पड़ा। राजगढ़ में एक कार्यक्रम में अफसर देरी से पहुंचे, सांसद रोडमल नागर इतने नाराज हुए कि मंच से उतरकर अफसर के पैर छूने लगे। उन्होंने कहा, बेवकूफ की तरह डेढ़ घंटे इंतजार कराया गया। केवल इवेंट करने से कुछ नहीं होता, जमीन पर काम होना चाहिए। मामला मंगलवार को कुंडीबेह गांव में जल अर्पण कार्यक्रम का है। सांसद देश के पहले 24 घंटे नल से शुद्ध जल पाने वाले गांव पहुंचे थे। यहां कार्यक्रम के दौरान उन्हें लगभग डेढ़ घंटे इंतजार करना पड़ा।

## संपादकीय

# अविश्वास की जमीन पर सुलगता कार्बी आंगलोंग

असम के हिंसाग्रस्त कार्बी आंगलोग जिले में 25 वर्षीय दिव्यांग की मौत को लेकर बुधवार को फिर से माहौल बिगड़ गया। हालात को नियंत्रण में रखने के लिए सेना को उतारा गया और उसने इलाके में फ्लैग मार्च करके लोगों में विश्वास का माहौल बनाने की कोशिश की। राज्य पुलिस प्रमुख के अनुसार अब इलाके में हालात नियंत्रण में है और लोगों से शांति बनाए रखने की भी अपील की गई है। दरअसल, कार्बी आंगलोग और वेस्ट कार्बी आंगलोग में इस तरह की अशांति कोई नई बात नहीं है। इसका एक लंबा इतिहास रहा है और इसके पीछे कई वजहें हैं। दिव्यांग सूरज डे उन दो लोगों में शामिल थे, जिनकी मंगलवार की हिंसा में मौत हो गई। उनका शव उनके घर के बगल वाली एक दुकान से बरामद हुआ, जिसे उपद्रवियों ने जला दिया था। पुलिस के मुताबिक शायद नहीं देख पाने की वजह से वह समय पर निकल नहीं सके। पीड़ितों में दूसरे व्यक्ति की पहचान चिंगथी तिमुंग के रूप में हुई, जो स्थानीय कार्बी समुदाय से थे, और उन्हें दो समुदायों के बीच भड़की हिंसा को नियंत्रित करने के दौरान पुलिस की गोली लगी। असम के डीजीपी हरमीत सिंह ने बुधवार को कहा कि इस हिंसा में अबतक वरिष्ठ पुलिस अफसरों समेत 60 से ज्यादा पुलिस वाले जख्मी हुए हैं। असम पुलिस चीफ के अनुसार आर्मी की टुकड़ियों के फ्लैग मार्च के बाद से हालात पूरी तरह से नियंत्रण में हैं। उनके अनुसार उन्होंने खुद भी पूरे उपद्रव ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया। हालांकि तनाव को देखते हुए असम सरकार ने कई स्तर के सुरक्षा इंतजाम किए हैं। कार्बी आंगलोग और वेस्ट कार्बी आंगलोग में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं। असम पुलिस और सीआरपीएफ के अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। कार्बी आंगलोंग में मौजूदा हिंसा का तात्कालिक कारण वेस्ट कार्बी आंगलोंग के फेलंगपी में दो सप्ताह से भी अधिक समय से चल रही एक भूख हड़ताल है। ये भूख हड़ताल नौ लोगों ने शुरू की थी, जो कार्बी आंगलोंग ऑटोनोमस काउंसिल (KAAC) इलाके में प्रोफेशनल ग्रेजिंग रिजर्व (PGR) और विलेज ग्रेजिंग रिजर्व (VGR) यानी चारागाहों के तौर पर चिन्हित जमीनों से 'अतिक्रमणकारियों' को हटाने की मांग को लेकर है। कार्बी के आदिवासी लंबे समय से इन जमीनों पर कथित तौर पर अवैध तरह से रहने वालों को हटाने की मांग कर रहे हैं। इन लोगों में ज्यादातर का ताल्लुक बिहार, बंगाल और नेपाल से है, जिनका दावा है कि वे यहां दशकों से रह रहे हैं। पुलिस के मुताबिक सोमवार को अनशन पर बैठे लोगों को स्वास्थ्य कारणों से निकाला गया तो स्थानीय लोगों ने इसे उनकी गिरफ्तारी समझ ली।

isha



अगर आप अतीत या भविष्य में उलझे हुए हैं, तो आप किसी ऐसी चीज में खो गए हैं जो वास्तविक नहीं है।

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# जब तुलसी जी भगवान विष्णु से दूर चली गईं, तो कैसे श्रीहरि ने उन्हें मनाया?

तुलसी की पूजा हर घर में होती है। आपको बता दें कि तुलसी भगवान् नारायण की प्रिया हैं, इसलिये परम पवित्र हैं। जब भगवान् श्रीहरि ने तुलसी को अपना लिया तो तुलसी को पाकर उसके और लक्ष्मी के साथ आनन्द करने लगे।



तुलसी की पूजा हर घर में होती है। आपको बता दें कि तुलसी भगवान् नारायण की प्रिया हैं, इसलिये परम पवित्र हैं। जब भगवान् श्रीहरि ने तुलसी को अपना लिया तो तुलसीको पाकर उसके और लक्ष्मी के साथ आनन्द करने लगे। उन्होंने तुलसी को भी गौरव और सौभाग्य में लक्ष्मी के समान बना दिया। लक्ष्मी ने तो तुलसी के भाग्य और गौरव को सह लिया, किंतु सरस्वती यह सब सहन न कर सकीं। सरस्वती के द्वारा अपना अपमान होने से तुलसी अन्तर्धान हो गईं। भगवान ने उसे न देखकर सरस्वती को समझाया और उससे आज्ञा लेकर वे तुलसीवनमें गये। तुलसी की की स्तुति की।

### कैसे की तुलसी की पूजा


तुलसी के लिए घी का का दीपक जलाया , धूप, सिन्दूर, चन्दन, नैवेद्य और पुष्प आदि उपचारों से तथा स्तोत्र द्वारा पूजा की, इसके अलावा उनकी बीज मंत्रों से पूजा की और कहां कि जो भी मां तुलसी के बीज मंत्रों को अच्छे से सुनेगा और बोलेगा, वो सभी प्रकार की सिद्धियां पा लेगा। इस प्रकार तुलसी को प्रसन्नता हुई। अतः वह वृक्षसे तुरंत बाहर निकल आईं और परम प्रसन्न होकर भगवान् श्री हरि के चरणकमलों की शरण में चली गईं। तब भगवान ने उसे वर दिया- हे देवी! तुम सर्वपूज्या हो जाओ। मैं स्वयं तुम्हें अपने मस्तक तथा वक्षःस्थलपर धारण करूंगा। सम्पूर्ण देवता तुम्हें अपने मस्तक पर धारण करेंगे। ये कहकर उसे साथ ले भगवान् श्रीहरि अपने स्थान पर लौट गए।

ऐसा कहा जाता है कि जो मां तुलसी की भक्तिभाव से पूजा करता है, वह सम्पूर्ण पापोंसे मुक्त होकर भगवान् विष्णुके लोक में चला जाता है। भगवान विष्णु की पूजा भी बिना तुलसी के अधूरी है। इसलिए खासतौर पर कार्तिक मास में भगवान् विष्णु को तुलसीपत्र अर्पण करता है, वह दस हजार गोदानका फल निश्चितरूपसे पा जाता है। आपको बता दें कि गंगाजल और तुलसी कभी बासी नहीं माने जाते हैं। तुलसी जी के बिना श्रीहरि भोग स्वीकार नहीं करते हैं। तुलसी की माला पहनने वालों का भी कल्याण होता है।

New Delhi

# अटल जी से शादी करना चाहती थी महिला पत्रकार, वाजपेयी ने दहेज में मांग लिया था पूरा पाकिस्तान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती मना रहा है। उनकी लोकप्रियता भारत के साथ-साथ दुनिया के बाकी देशों में थी। यहां तक की पाकिस्तान में भी उनको पसंद करने वाले थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अटल जी को याद करते हुए लखनऊ में एक रोचक किस्सा सुनाया था। प्रधानमंत्री रहते हुए अटल जी के पाकिस्तान दौरे का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि उनका व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनकी कार्यशैली और निर्णयों की पूरी दुनिया कायल थी। उन्होंने पाकिस्तान दौरे के दौरान अटल जी के चर्चित जवाब को याद करते हुए कहा, "एक



महिला पत्रकार ने जब उनसे कहा कि मैं आपसे शादी करना चाहती हूं। लेकिन आप मुझे मुंह दिखाई में कश्मीर दें। इसपर अटल जी ने मुस्कुराते हुए त्वरित प्रतिक्रिया दी थी। तब अटल जी ने उस महिला पत्रकार से कहा था, 'मैं आपसे शादी करने को तैयार हूं, अगर आप दहेज में मुझे पूरा पाकिस्तान दें।' रक्षा मंत्री एवं लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का कद उनके पदों से परिभाषित नहीं किया जा सकता, बल्कि उनके कर्मों और व्यक्तित्व से परिभाषित किया जा सकता है। वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित एकल कवि सम्मेलन में सिंह ने कहा कि कुछ लोग अपने पदों की वजह से सम्मान पाते हैं, जबकि कुछ लोग बिना किसी पद के अपने कार्य और चरित्र की वजह से सम्मान पाते हैं।

New Delhi

उन्नाव रेप पीड़िता बोली-

## बच्चे नहीं होते तो आत्महत्या कर लेती, पीड़िता के सपोर्ट में उतरीं निर्भया की मां



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उन्नाव रेप सर्वाइवर ने आरोपी और पूर्व बीजेपी नेता कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित करने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा सेंगर को राहत उनके परिवार के लिए 'काल' जैसा है। वह इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगी। सर्वाइवर ने कहा अगर मेरी शादी नहीं हुई होती और मेरे बच्चे नहीं होते तो मैं आत्महत्या कर लेती।

रेप पीड़िता ने कहा कि अगर सेंगर को जेल से रिहा किया जाता है, तो वह अपनी सुरक्षा के लिए खुद जेल जाने को तैयार हैं। उन्होंने आगे कहा कि कम से कम जेल में हम सुरक्षित तो रहेंगे। सर्वाइवर ने यह भी कहा कि वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिलना चाहती है, कि इस फैसले से ज दर्द और पीड़ा वह झेल रही है, उसे राष्ट्रपति तक पहुंचा सकें। सर्वाइवर ने कहा कि उनके परिवार, वकीलों और गवाहों की सुरक्षा पहले ही हटा ली गई है, जिससे उनका डर और बढ़ गया है। सर्वाइवर की मां कहा, हमें सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा है और हमें उम्मीद है कि वहां से हमें न्याय मिलेगा। सर्वाइवर की बहन ने बताया कि उनके चाचा को अब भी धमकियां मिल रही है। उन्होंने अपने पिता की मौत को याद करते हुए कहा कि इतना सब झेलने के बाद भी उनके परिवार के साथ ऐसा व्यवहार किया जा रहा है।

Bengaluru

## कर्नाटक सरकार में मंत्री जमीर अहमद के सेक्रेटरी के घर लोकायुक्त का छापा, 14 करोड़ बरामद

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार में मंत्री जमीर अहमद के निजी सचिव सरफराज खान के घर और ऑफिस पर लोकायुक्त ने एक साथ छापेमारी की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस छापे में लोकायुक्त की टीम ने 14 करोड़ रुपए बरामद किए हैं। बेंगलुरू के लोकायुक्त पुलिस थाने में इस मामले पर केस दर्ज किया गया है। यह



कार्रवाई उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज होने के बाद की गई थी। गौरतलब है कि जमीर अहमद को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का करीबी सहयोगी माना जाता है। एक लोकायुक्त अधिकारी ने बताया, ''आज बेंगलुरु में सहकारी विभाग निदेशालय से आवासीय विभाग में प्रतिनियुक्ति पर तैनात सरदार सरफराज खान से जुड़े परिसरों की तलाशी ली जा रही है।''सरफराज खान पहले वृहद बेंगलुरु महानगरपालिका (बीबीएमपी) में संयुक्त आयुक्त थे।

New Delhi

## दिल्ली में आधी रात कहां हुआ ठांय-ठांय? पुलिस ने पकड़ डाले दो वांटेड अपराधी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में आधी रात-अल सुबह के बीच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नरेला इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो वांटेड अपराधियों को घायल के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, इन दोनों आरोपियों की पहचान अफजल उर्फ इमरान और चंदन उर्फ काकू के रूप में हुई है। ये दोनों नरेला थाने के घोषित अपराधी हैं और इन पर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। गुरुवार को पुलिस ने नरेला के एनआईटी (NIT) के पास एक विशेष चेकपोस्ट (पिकेट) लगाया था। आरोपी उस इलाके में हथियार लेकर घूम रहे थे। जैसे ही उन्होंने पुलिस को देखा, उन्होंने पुलिस पर तीन गोलियां चला दीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उनके पैरों पर गोली मारी, जिससे वे घायल हो गए। घायल आरोपियों को पहले



आरएचसी (RHC) अस्पताल ले जाया गया और फिर वहां से बीएसए (BSA) अस्पताल भेज दिया गया। अफजल उर्फ इमरान (34 वर्ष): यह नरेला का रहने वाला है और इलाके का घोषित अपराधी (BC) है। इस पर सरकारी कर्मचारी पर हमला, लूटपाट, आर्म्स एक्ट, छेड़छाड़ और पोक्सो (POCSO) एक्ट जैसे कई मामले दर्ज हैं।

खेल

# हार्दिक खेल रत्न पुरस्कार के लिए नामित दिव्या तेजस्विन और मेहुली अर्जुन अवॉर्ड की दौड़ में

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह को इस वर्ष के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चयन समिति ने एकमात्र नामित किया है। वहीं, युवा शतरंज स्टार दिव्या देशमुख और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाले डेकैथलीट तेजस्विन शंकर सहित 24 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### योगासन खिलाड़ी आरती अर्जुन अवॉर्ड की दौड़ में

27 वर्षीय हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी टीम के मिडफील्ड के प्रमुख स्तंभ रहे हैं। वह 2021 टोक्यो और 2024 पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा, उन्होंने इस वर्ष एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतने




वाली भारतीय टीम में भी अहम भूमिका निभाई। इस साल एक और ऐतिहासिक फैसला लेते हुए चयन समिति ने योगासन खिलाड़ी आरती पाल को अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया है। खेल मंत्रालय से औपचारिक मान्यता मिलने के पांच साल बाद यह पहला मौका है जब किसी योगासन खिलाड़ी को यह सम्मान मिलने जा रहा है। आरती वर्तमान में राष्ट्रीय और एशियाई चैंपियन हैं, और यह खेल 2026 एशियाई खेलों में प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल होगा।

अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए अन्य प्रमुख नामों में शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती, एशियाई खेल 2023 के रजत पदक विजेता तेजस्विन शंकर, निशानेबाज मेहुली घोष, जिमनास्ट प्रणति नायक, और भारत की शीर्ष महिला बैडमिंटन जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद शामिल हैं। गायत्री, राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच और पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन पुलेला गोपीचंद की बेटी हैं।

### किसी भी क्रिकेटर का नाम शामिल नहीं

इस सूची में इस बार किसी भी क्रिकेटर को शामिल नहीं किया गया है। आखिरी बार 2023 में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार मिला था। गौरतलब है कि, खेल रत्न देश का सर्वोच्च खेल सम्मान है, जिसमें पदक, प्रशस्ति पत्र और 25 लाख रुपये की नकद राशि दी जाती है, जबकि अर्जुन पुरस्कार के तहत 15 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। पिछले वर्ष खेल रत्न सम्मान डी. गुकेश, हरमनप्रीत सिंह, प्रवीण कुमार और मनु भाकर को दिया गया था।

सिनेमा

# धुरंधर की सक्सेस नहीं, इस बड़ी वजह से रणवीर सिंह ने छोड़ी फरहान अख्तर की डॉन 3

रणवीर सिंह के डॉन 3 से बाहर होने की खबर ने सबको हैरान कर दिया है। काफी समय से इस फिल्म का इंतजार हो रहा था और रणवीर को इस किरदार में देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड थे, लेकिन अब ऐसा कहा जा रहा है कि रणवीर इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे। पहले कहा जा रहा था कि धुरंधर की सक्सेस के बाद रणवीर ने ऐसा फैसला लिया है, लेकिन अब नया अपडेट आ रहा है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के आस-पास जो परिस्थितियां हैं उन्हें मिसअंडरस्टुड किया जा रहा है। यह एक अलग स्टोरी है। रितेश सिद्धवाणी और फरहान अख्तर ने डॉन 3 तब रणवीर को ऑफर की जब उनकी 3 लगातार फिल्में फ्लॉप जा रही थीं। दोनों तब भी रणवीर के साथ



खड़े रहे जब उनकी संजय लीला भंसाली के साथ फिल्म बैजू बावरा भी बंद हो गई। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि डॉन 3 हॉटेस्ट फ्रेंचाइजी है और रणवीर का इस फिल्म में होना है कि उन्हें ना सिर्फ शाहरुख बल्कि अमिताभ बच्चन के किरदार के लेवल का काम करना है। यह किसी भी एक्टर के लिए ड्रीम रोल है। रणवीर को लेकर फरहान के विश्वास को लेकर कहा गया कि फरहान ही एक ऐसे फिल्ममेकर हैं जिन्होंने रणवीर पर तब भरोसा जताया जब बाकी लोग पीछे हट रहे थे। यह तब का समय है जब धुरंधर भी रिलीज नहीं हुई थी। आगे यह क्लीयर किया गया है कि रणवीर के फिल्म से बाहर होने का धुरंधर की सक्सेस से कोई लेना-देना नहीं है। यह सिर्फ मेकर्स के साथ किसी डिसअग्रीमेंट्स की वजह से हुआ है।

## Highlights

1. **Outrage as UP minister mocks Unnao rape survivor's protest**
2. **Lord Ram painting valued at ₹2.5 cr & weighing 800 kg safely brought to Ayodhya**
3. **Rape survivor meets Rahul after Sengar's sentence suspended, says 'want to meet PM too'**
4. **Govt bans new mining leases in Aravalli Hills**
5. **Agra guides arrested for cheating Mumbai tourist at Fatehpur Sikri**

# Reliance Industries resumes Russian oil imports to feed Jamnagar refinery

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries Ltd. has resumed Russian oil imports, sourcing barrels from non-sanctioned suppliers and routing them to its Jamnagar refinery in Gujarat, according to people with knowledge of the matter.

India's largest refiner contracted Aframax tankers from RusExport and is routing flows to a 660,000-barrels/day plant that supplies domestic customers, the people said, asking not to be identified discussing sensitive information. Its return to the market is likely to pare a decline in India's Russian oil imports, which officials have said could more than halve this month.

The oil market is focused on the fate of Russian exports after Washington DC imposed sanctions on Moscow's two top producers in October in a bid to curb the Kremlin's funds for the war in Ukraine. That's left Indian refiners to tap exports from non-sanctioned




Russian entities—as well as costlier alternatives from elsewhere—though Russian flows were still expected to drop sharply. Reliance Industries paused Russian oil imports after the US sanctioned Rosneft PJSC and Lukoil PJSC on 22 October and gave refiners a month to wind down transactions with the two producers. The operator of the world's biggest refinery complex in Jamnagar, Gujarat, was granted an additional month to receive vessels it had contracted before the 22 October deadline, the people said. The final cargo under that waiver arrived in India on 17 December, before the exemption expired, they said.

As well as the 660,000-barrel/day plant at Jamnagar that supplies the domestic market, Reliance Industries also operates a 700,000-barrels/day unit in the same complex that's focused on exports. The export-oriented refinery last took a shipment of Russian crude on 20 November, Reliance said last month. Since then, all Russian oil imports have flowed to its domestic sales-focused refinery.

# Coal India rises 3% on in-principal approval for listing of two subsidiaries

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Coal India Ltd. rose to the highest in seven months after decks were cleared for listing of two subsidiaries by FY27.

On Wednesday, Coal India's share price increased for the sixth straight trading session, rising as much as 3.00% to ₹412.40 apiece on the BSE, even as the benchmark Sensex traded largely flat.

The board of the world's largest coal miner has given in-principal approval for the listing of wholly owned unit



South Eastern Coalfields Ltd. and Mahanadi Coalfields Ltd., according to stock exchange filings on Tuesday. The in-principal approval will now be forwarded to the Ministry of Coal, which will then submit the proposal to the Department of Investment and Public Asset Management, or DIPAM. The proposed listing is subject to a series of regulatory clearances from various authorities.

The in-principal approval follows a specific directive from the Ministry of Coal to initiate concrete steps for listings of South Eastern Coalfields and Mahanadi Coalfields within the next financial year.

The move is in line with the central government's broader strategy to unlock value in high-performing public sector undertakings and enhance corporate transparency through public participation.

# ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक

## सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें

## "एक सलाहकार और शुभचिंतक"

**।। बाबापण्डित ।।**

**(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)**

आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।

## - कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -

*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*

*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*

*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*

*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*

इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।

**कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।**

**Email - babapandit.in@gmail.com**


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक